**Advik Capital Ltd.**
(Formerly known as Advik Industries Limited)
CIN : L74899DL1985PLC022505
Regd. Office: Plot No-84, Khasra No.143/84, Ground Floor
Extended Lal Dora, Kanjhawla, Delhi-110081
E-mail: info@advikgroup.com
Tel: +91-11-25952595 | Fax : +91-11-25952525
www.advikgroup.com/ail

Advik
Think Innovative

Date: 15-9-2020

To
BSE Limited
PhirozeJeejeebhoy Towers
Dalai Street, Mumbai-400001
(Scrip Code:539773)

**Subject: intimation as per Regulation 30 to the Stock Exchange for Publication of Financial Result Un-Audited Stand-alone and Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter Ended on 30th June 2020**

**Sir/Madam,**

Please find enclosed herewith the E-Copies of such notice published **in " The Financial Express"**(English) and **"Hari Bhoomi"**(Hindi) on 15th September ,2020 as required under Regulation 47 of SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements)Regulations,2015.

The Notice is also being placed on the Company's Website www.advikgroup.com/ail

You are requested to take the same on your record and acknowledge the same.

**For ADVIK CAPITAL LIMITED**

**Virender Kumar Agarwal**
Managing Director cum Compliance officer
**DIN:**00531255
H-107,AravaliKunj,
Plot No-44,Sector-13,
Rohini, Delhi-110085

## खबर संक्षेप



### धोनी के कूलनेस के कायल हैं मिलर

**दुबई।** महेंद्र सिंह धोनी के मैच जिताने के हुनर के कायल दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर लक्ष्य का पीछा करते हुए दबाव के हालात में भी शांतचित्त बने रहने के उनके गुण को आत्मसात करना चाहते हैं। मिलर 19 सितंबर से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'धोनी जिस तरह से खेलते हैं, मैं उनका कायल हूं। वह दबाव के क्षणों में भी शांतचित्त रहते हैं। मैं भी उसी तरह से मैदान पर रहना चाहता हूं। बतौर बल्लेबाज उनकी भी ताकत और कमजोरियां हैं और मेरी भी। मैं लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तरह बल्लेबाजी करना चाहता हूं। मैं उनकी तरह 'फिनिशिर' बनना चाहता हूं।'

### यूएई के हालात में ढलना सबसे बड़ी चुनौती



**दुबई।** लसित मलिंगा की अनुपस्थिति में मुंबई इंडियन्स की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सत्र में सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यहां की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने की होगी। मुंबई इंडियन्स के ट्विटर पर पोस्ट किए गए वीडियो में बोल्ट ने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी चुनौती रेगिस्तान के बीच में 45 डिग्री सेल्सियस के तापमान में खुद को तैयार करने की होगी। मैं एक बहुत छोटे देश न्यूजीलैंड से आता हूं जहां अभी सर्दियों का मौसम है। वहां इस समय तापमान लगभग सात या आठ डिग्री है।'

### लाहिड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त 36वें स्थान पर



**नापा।** अनिर्बान लाहिड़ी ने सेफवे ओपन गोल्फ में दो अंडर 70 का स्कोर करके संयुक्त 36वां स्थान हासिल किया जो करीब 18 महीने में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आखिरी सात होल में चार बर्डी लगाने वाले लाहिड़ी का कुल स्कोर 12 अंडर रहा। वहीं 47 वर्ष के स्टीवर्ट सिंक ने पीजीए टूर पर 2009 के बाद पहला खिताब जीता। पीजीए टूर पर पिछली 25 शुरुआत में लाहिड़ी का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह यहां 2018 और 2019 में कट में प्रवेश से चूक गए थे।

### रेसिंग : भारत के रविंद्र का फ्रांस में मिश्रित प्रदर्शन



**बेंगलुरु।** एस्टन मार्टिन्स ड्राइवर्स अकादमी में इस वर्ष जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय अखिल रविंद्र चैंपियोनैट डि फ्रांस एफएफएसए जीटी की पहली रेस में जी वानेलेट के साथ चौथे स्थान पर रहे। एस्टन मार्टिन वांटेज एएमआर चला रहे रविंद्र प्रो-एम वर्ग की पहली रेस में चौथे स्थान पर रहे लेकिन दूसरी रेस में उन्हें तकनीकी खराबी से जूझना पड़ा। वानेलेट और रविंद्र का रविवार को प्रो-एम वर्ग की पहली क्वालीफाईंग रेस में सर्वश्रेष्ठ समय 1:46.456 मिनट रहा और उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया। दूसरी क्वालीफाईंग रेस में उन्होंने 1:46.324 मिनट के साथ अपने समय में सुधार किया लेकिन अपने वर्ग में आठवें स्थान पर खिसक गए।

टेनिस

*ज्वेरेव पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से दो अंक से चूके*

# थीएम बने अमेरिकी ओपन चैंपियन, 71 साल बाद दो सेट गंवाकर खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क


आस्ट्रिया के डोमिनिक थीएम ने दो सेट गंवाने के बाद पांचवें सेटमें अभूतपूर्व टाइब्रेकर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और दो सेट गंवाकर वापसी करने वाले वह 71 साल में पहले खिलाड़ी बन गए। दर्शकों के बिना आर्थर एशे स्टेडियम में हार की कगार पर पहुंचे थीएम ने 2-6, 4-6, 6-4, 6-3, 7-6 से जीत दर्ज की। यह उनका पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'आज शरीर पर विश्वास जीत गया। मैं बहुत खुश हूं।'

- थीएम ने जर्मनी के स्टार को 2-6, 4-6, 6-4, 6-3, 7-6 से दी मात

तीसरे चैंपियनशिप अंक पर बैकहैंड पर ज्वेरेव का शॉट जैसे ही बाहर गिरा, थीम ने अपना चेहरा हाथों से ढक लिया। इसके बाद ज्वेरेव उनकी तरफ आए और सामाजिक दूरी के इस दौर में उन्हें गले लगा लिया। थीएम ने अपना सिर ज्वेरेव के कंधे पर रखा जो पहला ग्रैंडस्लैम जीतने से दो अंक से चूक गए। थीएम ने कहा, 'काश आज दो विजेता घोषित होते। हम दोनों इसके हकदार थे।'

### 1949 में गोंजालेस ने भी दो सेट गंवाया था

इससे पहले 1949 में टेड श्रोडेर को हराकर पांचो गोंजालेस ने जब खिताब जीता था तब उन्होंने भी दो सेट गंवाने के बाद वापसी की थी। पांचवें सेट में टाइब्रेकर इससे पहले नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के बीच 2019 विम्बलडन फाइनल में खेला गया था जिसमें जोकोविच विजयी रहे थे।



### तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में हार के बाद खिताबी जीत

जर्मनी के ज्वेरेव ने कहा, 'मैं कुछ गेम और कुछ अंक से चूक गया।' जर्मनी के लिए आखिरी बार 90 के दशक में बोरिस बेकर ने पुरुष एकल खिताब जीता था।' थीएम इससे पहले तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में हार चुके थे जिसमें उनका मुकाबला फेडरर या रफेल नडाल से हुआ था। उन्हें फ्रेंच ओपन 2018 और 2019 फाइनल में नडाल ने और इस साल फरवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में जोकोविच ने हराया था। मैच में ना तो दर्शकों का शोर था और ना ही तेज चिल्लाने की आवाजें। बाहर से हवाई जहाज, ट्रेनों, कार इंजिन, हार्न और सायरन का शोर सुनाई दे रहा था। यदा कदा टूर्नामेंट स्टाफ की करतल ध्वनि सुनाई दे रही थी।



### 17 साल में पांचवीं बार नया चैंपियन मिला

*यूएस ओपन को 17 साल में पांचवां नया विजेता मिला। 2004 से 2019 के बीच 16 सालों में ब्रिग थ्री जोकोविच, फेडरर और नडाल ने ही 12 खिताब जीते। बाकी चार मौकों पर जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (2009), एंडी मरे (2012), मारिन सिलिच (2014) और स्टेन वावरिंका (2016) में चैंपियन बने थे। 2004 से 2008 तक फेडरर ने लगातार पांच साल तक खिताब अपने नाम किया। वहीं, नडाल ने 4 बार 2010, 2013, 2017, 2019 में यह टूर्नामेंट जीता। जोकोविच ने 2011, 2015 और 2018 में यूएस ओपन पर कब्जा जमाया था।*

### बिग थ्री यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंचे

*16 साल में पहली बार ऐसा हुआ, जब टेनिस के बिग थ्री नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और राफेल नडाल किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। इससे पहले 2004 के फ्रेंच ओपन में यह तीनों क्वार्टर फाइनल नहीं खेले थे। तब फेडरर को तीसरे दौर के मुकाबले में गुस्तावो कुएर्टन ने हराया था।*

# मार्सेल ने 11 साल बाद डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी को हराया

## नेमार समेत 5 खिलाड़ियों को रेड कार्ड

एजेंसी ▶▶| पेरिस


कोरोना से ठीक होने के बाद पीएसजी के स्ट्राइकर नेमार की मैदान पर वापसी अच्छी नहीं रही। मार्सेल के खिलाफ रविवार को हुए मुकाबले में विरोधी खिलाड़ी अलवारो गोंजालेज को थप्पड़ मारने के कारण उन्हें रेड कार्ड दिखाया गया। हालांकि, उन्होंने गोंजालेज पर नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया। लेकिन रैफरी ने वीडियो रिव्यू के बाद उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया।

इससे गुस्साए नेमार ने मैच के बाद ट्वीट किया कि मुझे बस इस बात का पछतावा है कि मैंने गोंजालेज को चेहरे पर क्यों नहीं थप्पड़ मारा। पीएसजी के कोच थॉमस तुशेल ने कहा कि नेमार ने मुझे बताया था कि विरोधी टीम ने खिलाड़ी ने मेरे खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की। वहीं, मार्सेल के कोच आंद्रे विलास ने कहा कि फुटबॉल में नस्लभेद की कोई जगह नहीं है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के बीच विवाद की यह वजह नहीं है।

### 90 मिनट के खेल में 36 फाउल

इसके अलावा रैफरी ने मार्सेल के भी दो खिलाड़ियों को यही सजा दी। अंतिम कुछ मिनटों में पीएसजी 8, तो मार्सेल 9 खिलाड़ियों के साथ खेली। 90 मिनट के खेल में 36 फाउल हुए और 12 खिलाड़ियों को येलो कार्ड दिखाए गए।

### मार्सेल के खिलाड़ी गोंजालेज को थप्पड़ मारने के कारण नेमार मैदान से बाहर



### मार्सेल की पीएसजी पर 20 मैच में पहली जीत



*मार्सेल ने यह मैच 1-0 से जीता। टीम के लिए इकलौता गोल फ्लोरियन थोविन ने किया। मार्सेल की बीते एक दशक में पीएसजी के खिलाफ 20 मैच में यह पहली जीत है। पीएसजी के लिए फ्रेंच लीग-1 के इस सीजन की शुरुआत अच्छी नहीं रही है। पिछले महीने चैंपियंस लीग के फाइनल में बार्यन म्यूनिख से हारने के बाद पीएसजी लीग के दो शुरुआती मैच गंवा चुकी है। 1978-79 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है, जब टीम बिना गोल किए दो मैच हारी।*

### यह है पूरा विवाद

*दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में मार्सेल के दारियो बेनेडेट्टो और लियांड्रो पेरेडेस के बीच झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान नेमार ने मार्सेल के डिफेंडर अलवारो गोंजालेज को थप्पड़ मार दिया। उसी दौरान पीएसजी के लयविन कुरजावा और जॉर्डन अवामी के बीच भी धक्कामुक्की शुरू हो गई। देखते-देखते दोनों टीमें इसमें शामिल हो गईं। इसके बाद रैफरी जेरोम ब्रिसर्ड ने जैसे-तैसे विवाद को शांत कराया और पीएसजी के तीन खिलाड़ियों नेमार, कुरजावा और पेरेडस को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर कर दिया।*



# इंग्लैंड ने 24 रन से जीता दूसरा वनडे

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

अपने तेज गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली।

- वोक्स, आर्चर और कुरेन ने झटके तीन-तीन विकेट

इंग्लैंड का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला एक समय गलत साबित होता नजर आने लगा जब विश्व चैंपियन टीम नौ विकेट पर 231 रन ही बना सकी और आस्ट्रेलिया ने 20 ओवर बाकी रहने तक दो विकेट पर 143 रन बना लिए थे। आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान आरोन फिंच (73) और मार्नस लाबुशेन (48) ने तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। एक सय आस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 147 रन था जो आठ विकेट पर 166 रन हो गया। पूरी टीम 48.4 ओवर में 207 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने 32, जोफ्रा आर्चर ने 34 और सैम कुरेन ने 35 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

### न्यूजीलैंड के लिए अब कुछ खास हासिल करने का समय हैः मैकुलम

**क्राइस्टचर्च।** पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि न्यूजीलैंड भाग्यशाली था कि वह 2019 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में कामयाब रहा लेकिन उसके लिए अब कुछ विशेष हासिल करने का समय है। इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच मैकुलम ने एक पोडकास्ट में कहा, 'मुझे पता है कि पिछले साल वे विश्व चैंपियन बनने वे बहुत करीब आ गए थे, लेकिन मुझे लगा कि वे थोड़े भाग्यशाली थे कि उस स्थिति में पहुंच सकें।' पिछले साल जुलाई में विश्व कप के बेहद ही रोमांचक फाइनल के सुपर ओवर के टाई होने के बाद भी न्यूजीलैंड को इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

**अमेरिकी ओपन की गलती से बड़ा सबक सीखाः जोकोविचः** रोम। नोवाक जोकोविच ने सोमवार को यहां कहा कि अनजाने में लाइन जज के गले पर गेंद मारने के कारण यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर होने से उन्होंने बड़ा सबक सीखा। आठ दिन पहले की इस घटना से जोकोविच का 29 मैचों तक चला विजय अभियान भी थम गया था और उनका 18वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना भी टूट गया था।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



सिमरन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **सिमरन, पुत्रीः सोनु सिंह, पताः आरजेड़क्यूं–बी/20, निहाल विहार, दिल्ली जोकि दिनांक 26.08.2020 को पुलिस थाना क्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है।** इस सन्दर्भ में **FIR No. 864/20, U/s 363 IPC dated 28.08.2020** पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा/अपहृत लड़की की पहचान दी गई है:

**नामः सिमरन, उम्रः 16 वर्ष, कदः 5'4", रंगः साफ, चेहरा, लम्बा, पहनावाः मिलिट्री रंग की टी–शर्ट, काली जींस और पैरों में नीले कपड़े के जूते।**

अगर किसी को इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, निहाल विहार, दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली
फोनः 011-25946700, 25946710

DP/389/OD/2020

## एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : द्वितीय तल, सेंट्रल बैंक बिल्डिंग, 13बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज–110002 Website: www.fmecinternational.com
Email:fmecinternational@gmail.com, Contact: 011-43680407

**30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2020 | समाप्त तिमाही 30.06.2019 | समाप्त वर्ष 31.03.2020 |
|---|---|---|---|
| | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| प्रचालनों से आय | 10.65 | 36.44 | 87.91 |
| कर से पूर्व लाभ | 2.54 | (2.43) | 10.00 |
| कर के बाद लाभ | 2.54 | (2.43) | 7.16 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 2.54 | (2.43) | 7.16 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 310.07 | 310.07 | 310.07 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दिखाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | - |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक के) | | | |
| बेसिक | 0.0820 | (0.0784) | 0.2308 |
| डायल्यूटिड | 0.0820 | (0.0784) | 0.2308 |

टिप्पणी :
1. सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये और संवैधानिक अंकेक्षकों द्वारा समीक्षा के अधीन 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 14.09.2020 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
अपूर्व बंसल
(प्रबंध निदेशक)

दिनांकः 14.09.2020
स्थान : नई दिल्ली
निवासी : ए–708, यूनेस्को अपार्टमेंट, 55 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज ईस्ट दिल्ली–110092


### बॉक्सिंग-डे टेस्ट के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मिल सकती है एंट्री

**मेलबर्न।** विक्टोरिया राज्य के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार शहर में होने वाली दो शीर्ष खेल प्रतियोगिताओं में दर्शकों को स्टेडियम में आने की स्वीकृति देने के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया और टेनिस आस्ट्रेलिया के साथ बात कर रही है।



इन शीर्ष खेल प्रतियोगिताओं में भारत के खिलाफ बाक्सिंग डे टेस्ट और आस्ट्रेलिया ओपन शामिल है। इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) वार्षिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी से वंचित हो सकता है क्योंकि विक्टोरिया राज्य कोरोना वायरस महामारी से अधिक प्रभावित है। एंड्रयूज ने दैनिक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'हमें देखना होगा कि दर्शकों की सुरक्षित संख्या क्या होगी।



बर्लिन। एथलेटिक्स, मीटिंग, आईएसटीएएफ, इंटरनेशनल स्टेडियम फेस्टिवल ओलंपिक स्टेडियम में 100 मीटर रेस जीतने के बाद आर्थर सिसेज (आइवरी कोस्ट) चीयर्स करते हुए।


## एडविक कैपिटल लिमिटेड

(पूर्व में एडविक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
CIN - L65100DL1985PLC022505
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली–110081
Website: www.advikgroup.com/ail, Email: info@advikgroup.com, cs@advikgroup.com

**30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 30.06.2020 | समाप्त तिमाही 30.06.2019 | समाप्त वर्ष 31.03.2020 | समाप्त तिमाही 30.06.2020 | समाप्त तिमाही 30.06.2019 | समाप्त वर्ष 31.03.2020 |
| | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| प्रचालनों से आय | 11.55 | 24.08 | 68.56 | 80.47 | 149.24 | 755.14 |
| कर से पूर्व लाभ | 0.27 | 3.00 | 11.93 | (1.85) | 4.81 | 16.63 |
| कर के बाद लाभ | 0.21 | 2.13 | 9.23 | (1.85) | 3.56 | 12.83 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 0.21 | 2.13 | 9.23 | (1.85) | 3.56 | 12.83 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 458.74 | 458.74 | 458.74 | 608.74 | 608.74 | 608.74 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दिखाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | - | - | - | - |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक के) | | | | | | |
| बेसिक | 0.0046 | 0.0464 | 0.2012 | - | 0.0585 | 0.2108 |
| डायल्यूटिड | 0.0046 | 0.0464 | 0.2012 | - | 0.0585 | 0.2108 |

टिप्पणी :
1. सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये और संवैधानिक अंकेक्षकों द्वारा समीक्षा के अधीन 30 जून 2020 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। जिसकी समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 14.09.2020 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
एडविक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/–
विरेन्द्र कुमार अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00531255

दिनांक : 14.09.2020
स्थान : नई दिल्ली